वर्षः 14 - अंक : 144, मुंबई, गुरुवार, 1 अगस्त, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर







# पिता बना हैवान!

## पसली टूटी, हड्डियां फ्रैक्चर, पेट में चोट... 4 साल के बेटे को टॉर्चर कर मार डाला

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक शख्स ने क्रूरता की हदें पार कर दी और चार साल के मासूम को मौत की नींद सुला दिया। बच्चे के साथ हुई दरिंदगी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसके शरीर की कई हड्डियां टूट गई थीं। पेट में कई अंदरूनी चोटें थी। ठाणे पुलिस ने बताया कि मृतक बच्चा आरोपी का सौतेला पुत्र था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान दिलशाद के रूप में हुई है। जबकि मृतक बच्चे का नाम मोहम्मद आर्यन बताया जा रहा है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिलशाद को सोमवार देर रात गिरफ्तार किया गया। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



# खेल-खेल में मौत!

## फंदे से झूल गई 7 साल की बच्ची, मुंबई में दिल दहलाने वाली घटना



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में एक बेहद दुखद हादसा हुआ। शहर के गोवंडी इलाके के शिवाजी नगर में खेलते समय गलती से रस्सी गले में फंसने की वजह से सात साल की बच्ची की जान चली गई। घटना उस वक्त हुई जब मृतक बच्ची अपने भाई-बहनों के साथ लुका-छिपी खेल रही थी। मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक लड़की का नाम आकृति सिंह (7) है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के वक्त बच्ची के माता-पिता घर पर नहीं थे। पड़ोसियों ने मासूम को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि इलाज से पहले ही उसकी मौत हो गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। रविवार को छुट्टी होने के चलते आकृति अपने भाई-बहन के साथ लुका-छिपी खेल रही थी। सभी बच्चे अलग-अलग जगहों पर छिप रहे थे। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**




# बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में ईडी ने मुंबई समेत 4 शहरों में मारा छापा

## दस्तावेज और नकदी जब्त

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवपार्वती सहकारी साखर कारखाना से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने महाराष्ट्र के चार शहरों- मुंबई, कर्जत, बारामती और पुणे में छापेमारी की है। करोड़ों रुपये की हेराफेरी का आरोप लगा है। ईडी ने शिवपार्वती सहकारी साखर कारखाना, हाईटेक इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन इंडिया और उनके निदेशकों के बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में मुंबई, कर्जत, बारामती और पुणे में विभिन्न स्थानों पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आरोपी निदेशकों नंदकुमार तासगांवकर, संजय अवाटे और राजेंद्र इंगवले से जुड़े ठिकानों की तलाशी ली गई। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# महाराष्ट्र में 20000 युवाओं की नौकरी पक्की

## 81000 करोड़ रुपये के निवेश को मिली हरी झंडी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की कैबिनेट उप-समिति ने मंगलवार को 81,137 करोड़ रुपये की 7 मेगा परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। राज्य के विदर्भ, मराठवाड़ा और कोंकण में स्थित इन परियोजनाओं से 20 हजार नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इनमें सेमीकंडक्टर चिप्स, लिथियम बैटरी, इलेक्ट्रिक वाहन और हरित ऊर्जा जैसे उद्योगों के संयंत्र शामिल हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि कैबिनेट उपसमिति की बैठक में बहुत बड़ा निर्णय लिया गया है। 81 हजार करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी गई है, जिससे 20 हजार नौकरियां उत्पन्न होंगी और एक लाख से अधिक को अप्रत्यक्ष तौर पर काम मिलेगा। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



नागपुर में 25,000 करोड़ रुपये की जेएसडब्ल्यू एनर्जी पीएसपी परियोजना से 5,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। यह निवेश लिथियम आयरन बैटरी प्लांट के लिए है। राज्य सरकार की उप-समिति ने रत्नागिरी स्थित हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेज द्वारा 1,500 करोड़ रुपये के फलों के गूदे और रस निकालने से जुड़ी परियोजना को भी मंजूरी दे दी है

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### वायनाड की त्रासदी

**पर्यावरण विशेषज्ञ दशकों से चेतावनी दे रहे हैं कि उस क्षेत्र में मानवीय गतिविधियों- खासकर निर्माण कार्यों से प्राकृतिक संतुलन पर खराब असर पड़ा है। वैसे पश्चिमी घाट अकेला इलाका नहीं है, जो अनियोजित और अनियंत्रित निर्माण से खतरे में पड़ा है।**

केरल के वायनाड ज़िले में भूस्खलन से तकरीबन सवा सौ लोगों की जान चली गई। जख्मी और लापता लोगों पर ध्यान दें, तो हताहत व्यक्तियों की संख्या तीन सौ के करीब पहुंचती है। सोमवार और मंगलवार की रात हुए भूस्खलनों से वायनाड के चूरालमाला, मुंडाक्कई जैसे इलाकों में भारी तबाही मची। वायनाड इलाके में भूस्खलन पहले भी होते रहे हैं। लेकिन इतनी बड़ी तबाही हालिया यादाश्त में नहीं है। प्राकृतिक दुर्घटनाएं जीवन का हिस्सा हैं, इसलिए इनके किसी निश्चित कारण की पहचान कर पाना कठिन होता है। लेकिन कुछ संकेत ऐसे होते हैं, जिन पर ध्यान दिया जाए, तो बचाव के बेहतर उपाय किए जा सकते हैं। जिस इलाके में ये हादसा हुआ, वह पश्चिमी घाट कहे जाने वाले क्षेत्र का हिस्सा है। पर्यावरण विशेषज्ञ दशकों से चेतावनी दे रहे हैं कि उस क्षेत्र में मानवीय गतिविधियों- खासकर निर्माण कार्यों से प्राकृतिक संतुलन पर खराब असर पड़ा है। इस लिहाज से पश्चिमी घाट अकेला इलाका नहीं है, जो अनियोजित और अनियंत्रित निर्माण से खतरे में पड़ा है। हाल के वर्षों में ऐसी सबसे ज्यादा घटनाएं संभवतः उत्तराखंड में हुई हैं। उत्तरकाशी में आईं दरारों के अलावा चार धाम तीर्थ यात्रा मार्ग पर जमीन धंसने की बढ़ी घटनाएं पारिस्थिकी की उपेक्षा का प्रत्यक्ष परिणाम मानी गई हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अपने देश में ऐसी बुनियादी समस्याओं पर विचार-विमर्श का दायरा लगातार सिकुड़ता गया है। मीडिया में और विशेषज्ञों के बीच ऐसी चर्चा होती जरूर है, लेकिन वह राजनेताओं की कान तक नहीं पहुंचती। वायनाड की त्रासदी के बाद भी ऐसी कोई गंभीर चर्चा शुरू होगी, जिससे विकास एवं पर्यावरण के बीच संतुलन पर समझ बनाने में मदद मिले, इसकी संभावना कम है। जबकि इस त्रासदी का प्रभाव दूर-दूर तक गया है। भूस्खलन से प्रभावित मुंडाक्कई चाय के बगानों वाला एक छोटा सा कस्बा है, जहां असम और पश्चिम बंगाल के लोग भी बड़ी संख्या में काम करते हैं। फिलहाल वहां पहुंचना भी मुश्किल बना हुआ है, क्योंकि चूरालमाला और मुंडाक्कई के बीच का पुल का बह गया है। केरल में और भी बारिश की आशंका है, जिससे यह त्रासदी और गंभीर रूप ले सकती है।

# डिजिटल युग में डिजिटल ग्रामीण डाकघरों से नाता जोड़ लाभ उठाएं - मनोज कुमार, पीएमजी (पूर्वी)

## डाक चौपाल में पीएमजी के समक्ष ग्रामीणों ने खुलवाया 167 खाता और नया आधार 201

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**खगड़िया।** ज़िले के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणों को ग्रामीण डाकघरों से जोड़ने और डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराने के उद्देश्य से भागलपुर के पोस्ट मास्टर जेनरल (पूर्वी) मनोज कुमार ने ज़िले के जमालपुर गोगरी उप डाकघर अंतर्गत मालिया ग्रामीण डाकघर के निकट एक ग्रामीण चौपाल में उपस्थित दलित व पिछड़े समुदाय के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा हमलोग डिजिटल इंडिया युग में चल रहे हैं। डाक विभाग भी वर्तमान परिवेश में अपनी पुरानी डाक प्रणाली में काफी परिवर्तन कर ग्रामीण डाकघरों को भी डिजिटल कर दिया है। आगे उन्होंने कहा ग्रामीणों की सुविधा हेतु भारत सरकार ने इंडिया



पोस्ट पेमेंट बैंक की भी व्यवस्था कर दी है जो पेपर लेस है। इस बैंक में खाता खुलवाने के लिए सिर्फ.अंगूठे के निशान की आवश्यकता होती है। आईपीपीबी बैंक के खाताधारी को पासबुक के बजाय सिर्फ.क्यू आर कार्ड दिया जाता है। बस, अंगूठा लगाइये रुपया जमा, निकासी हो जायेगा। हस्ताक्षर या गवाही का कोई झंझट ही नहीं। आगे भागलपुर के पोस्टमास्टर जनरल (पूर्वी) मनोज कुमार ने ग्रामीणों से अपील किया कि अपने ग्रामीण डाकघर से नाता जोड़ें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। पीएमजी द्वारा दी गई अन्य योजनाओं की जानकारी दिए जाने से ग्रामीणों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई और ऑन स्पॉट आईपीपीबी बैंक के 08 खाते खुल गए। डाक अधीक्षक नीरज कुमार के अनुसार इस ग्रामीण डाक चौपाल में ग्रामीणों का बचत खाता 28, आवर्ती खाता 79, आई पी पी वी बैंक खाता 8, नया आधार कार्ड बना 201 तथा एस एस ए खाता 52 खोले गए। उक्त अवसर पर गोगरी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार, गोगरी नगर पंचायत की सभापति रंजीता निषाद, बेगुसराय के डाक अधीक्षक नीरज कुमार, बेगुसराय आई पी पी जी राजीव कुमार, आई पी पी बी बैंक मैनेजर अशोक कुमार तथा लखन निषाद के अलावा दर्जनों डाककर्मी और जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

# हमास प्रमुख की हत्या, जंग फैलेगी?

**ईरान** में हमास के राजनीतिक ब्यूरो के अध्यक्ष इस्माइल हनीयेह को जान से मार दिया गया। हमास ने उनकी हत्या की पुष्टि की है। कहां कि हमला उनके तेहरान के घर पर किया गया है और उसे विश्वासघाती यहूदी हमला बताया है। हनीयेह ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के सत्ता संभालने के समारोह में भाग लेने के लिए ईरान गए थे। वे 7 अक्टूबर को इजराइल पर हुए भयावह हमले के बाद से ही इजराइल के निशाने पर थे।ईरान की इस्लामी क्रांतिकारी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने भी हनीयेह और उनके अंगरक्षक की मृत्यु की पुष्टि की है। उसने कहा कि वह इस हमले को समझने की कोशिश कर रहा है। हालांकि इजराइल ने इस संबंध में कोई आधिकारिक वक्तव्य जारी नहीं किया है लेकिन वहां की मीडिया की खबरों के मुताबिक प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंत्रियों को निर्देश दिया है कि वे इस मामले पर कोई टिप्पणी न करें। लेकिन अति दक्षिणपंथी मंत्री मीहाई एलियाहू ने एक्स पर हमास नेता की हत्या पर प्रसन्नता व्यक्त की। इससे साफ है कि हमला किसने करवाया। उन्होंने हिब्रू में लिखा, इस हत्या के बाद दुनिया थोड़ी बेहतर हो जाएगी। इस्माइल हनीयेह हमास के राजनैतिक ब्यूरो के प्रमुख थे और निर्वासन में रह रहे थे। हाल के वर्षों में वे ज्यादातर समय कतर और तुर्की में रहे। वे सन 2017 में हमास के राजनैतिक ब्यूरो के प्रमुख चुने गए थे। उन्होंने खालिद मेंशाल का स्थान लिया था। लेकिन इसके पहले से ही वे एक जाने-माने व्यक्ति थे और 2006 में संसदीय चुनाव में हमास की चौंकाने वाली जीत के बाद फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री बने थे। अन्य उग्रपंथी नेताओं की तुलना में अरब नेताओं और कूटनीतिज्ञों के बीच उनकी छवि एक व्यावहारिक व्यक्ति की थी। इजराइल-गाजा संघर्ष में युद्धविराम के लिए चली चर्चाओं में उन्होंने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। उन्होंने उस दौरान हमास के मुख्य संरक्षक, ईरान से बातचीत की थी और तुर्की के राष्ट्रपति से भी मुलाकात की थी। वे गाजा के याह्या सिनवार जैसे कट्टरपंथी नेताओं से संपर्क का जरिया भी थे। हमास के अन्य कई नेताओं सहित इस्माइल 7 अक्टूबर के हमले के बाद से ही इजराइल के निशाने पर थे। गाजा में उनके पुत्रों और परिवारजनों की हत्या पहले ही हो चुकी है। लेकिन हनीयेह की मौत का व्यापक प्रभाव होगा। उसके बुरे नतीजे सामने आएंगे। इस्माइल फिलस्तीनियों में काफी लोकप्रिय थे।



उनका बचपन एक शरणार्थी शिविर में बीता। वे उन लोगों का प्रतिनिधित्व करते थे जिनके पूर्वज 1948 में फिलिस्तीनी क्षेत्र छोड़कर शरणार्थी बनने पर बाध्य हुए थे और ऐसे लोगों की संख्या खासी है। वे हमास के संस्थापक शेख अहमद यासीन के पक्के चेले थे और 2003 तक उनके विश्वसनीय सहायक बन चुके थे। यासीन के गाजा स्थित निवास पर उनकी एक तस्वीर खींची गई थी जिसमें वे एक फोन है को लकवाग्रस्त यासीन के कान के पास लगाए हुए हैं ताकि वे बात कर सकें। सन 2007 में हनीयेह ने बीबीसी के संवाददाता एलन जॉनसन को मुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी जिन्हें गाजा में एक स्थानीय इस्लामिक संगठन ने अगवा कर 16 हफ्तों तक बंधक बनाकर रखा था। उन्होंने हमास की युद्ध लड़ने की ताकत को बढ़ाने के लिए भी काम किया था, जिसमें ईरान से उनके रिश्तों की भी कुछ भूमिका थी। सन 2022 में हनीयेह ने अल जजीरा को बताया था कि हमास को सैन्य सहायता के रूप में ईरान से 7 करोड़ डालर मिले हैं। 2018 में अमरीका के विदेश मंत्रालय ने इस्माइल हनीयेह को यह कहते हुए आतंकवादी घोषित कर दिया कि वे नागरिकों सहित अपने विरोधियों के साथ हिंसक संघर्ष करने के समर्थक है। इजराइल के लिए तो वे उसके ओसामा बिन लादेन थे। भले ही इजराइल ने आज एक बाजी जीत ली हो लेकिन इस हत्या से न केवल ईरान और उसका शक्तिशाली लेबनानी सहयोगी हिजबुल्लाह बदला लेने पर आमादा हो जाएंगे बल्कि गाजा में चल रहा युद्ध भी और भीषण रूप अख्तियार कर लेगा। इस घटना के कुछ ही घंटों पहले इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर हमला किया, जो वह यदाकदा ही करता है। इजराइल ने दावा किया कि इस हमले में हिजबुल्लाह का एक शीर्ष कमांडर मारा गया। आरोप है कि पिछले हफ्ते के अंत में इजराइल के नियंत्रण वाले गोलान हाईट्स पर हुए हमले में उसका हाथ था जिसमें 12 बच्चे मारे गए थे। बुधवार को हिजबुल्लाह ने कहा कि वह अभी भी नष्ट कर दी गई इमारत के मलबे में उसके शीर्ष कमांडर फौद शुकुर के शव की तलाश कर रहा है। पहले लेबनान और अब ईरान - इजराइल ने सभी को गुस्से से भर दिया है। 7 अक्टूबर को हुई उसके नागरिकों की हत्या का बदला लेने के लिए इजराइल ने पूरे पश्चिम एशिया को संकट में डाल दिया है। हमास के शीर्ष नेता की हत्या से युद्ध थमेगा नहीं, बल्कि इस बात की प्रबल संभावना है कि इससे एक नए युद्ध का आगाज होने का खतरा बहुत बढ़ जाएगा।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।



## शिवसेना पक्षप्रमुख व महाराष्ट्र राज्य पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव बालासाहेब ठाकरे जी के जन्मदीन की बधाई गई

**मुंबई।** 27 जुलाई 2024 शनिवार शिवसेना पक्षप्रमुख व महाराष्ट्र राज्य पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव बालासाहेब ठाकरे जी के जन्मदीन की बधाई दी गई उनके निवास मातोश्री कलानगर बांद्रा (पूर्व) मुंबई मे शॉल और फोटो फ्रेम देकर बधाई दी गई इस मौके पर उपस्थित रहे मो. शोएब खान, सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), पठान असदान, जय हिंद कुमार प्रजापति, अब्दुल रहीम खान सेमत अन्य लोगो ने भी हार्दिक शुभकामनाएं दी गई और आए हुए सभी मेहमानों के लिए उद्धव ठाकरे जी ने अल्पाहार के साथ उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया।

# उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी चुनौती, बोले- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करें प्रचार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानभा होने की संभावना है। इसे लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है साथ ही चुनाव प्रचार भी कर रहे। कोई अपने लिए सीटों को परख रहा है तो कोई पार्टी को मजबुत करने के लिए क्षेत्र में जाकर कार्यकर्ताओं में जोश भर रहा है। लेकिन अभी तक सत्तारूढ़ महायुति हो विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन दोनों ने ही सीट शेयरिंग को लेकर अभी तक चर्चा शुरू नहीं की हैं। शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में प्रचार करने के लिए प्रदेश के दौरे पर आने की चुनौती दी। ठाकरे ने विपक्षी महा विकास अघाड़ी के अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि हालिया संपन्न आम चुनाव में मोदी को महाराष्ट्र में पसीना बहाना पड़ा। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी) के अलावा कांग्रेस एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) व अन्य दल शामिल हैं। मुंबई के बांद्रा में एक हॉल में शिवसेना (यूबीटी) के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस समय पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने उपस्थित पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया और आने वाले समय में महाराष्ट्र में फिर से जीत का भगवा फहराने का निर्णय लिया। उद्धव ठाकरे ने मुंबई में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी को विधानसभा चुनाव के लिए निश्चित रूप से महाराष्ट्र आना चाहिए। ठाकरे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान मोदी को मेरी पार्टी के एक छोटे कार्यकर्ता को हराने और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे के लिए प्रचार करने कल्याण आना पड़ा। ठाकरे ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि पार्टी का नाम शिवसेना और चुनाव चिह्न धनुष और बाण मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी गुट के हाथों में चले जाने जैसी तमाम मुश्किलों के बावजूद हम सत्ता में वापसी करेंगे। केंद्र एवं राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीट में से केवल 17 सीट पर जीत मिली थी। भाजपा की सीट की संख्या 2019 के 23 से घटकर इस बार 9 रह गई। ठाकरे ने राज्य में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन पर मुंबई को लूटने का भी आरोप लगाया।



**एमएमआरडीए को भंग करेंगे**

शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को आर्थिक रूप से कमजोर किया जा रहा है और इसके संसाधन मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) एवं महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (एमएसआरडीसी) जैसी अन्य बुनियादी ढांचा एजेंसियों को आवंटित किए जा रहे हैं। ठाकरे ने कहा कि सत्ता में आने के बाद एमवीए सरकार एमएमआरडीए को भंग कर देगी।

# विधानसभा चुनाव में भी जीत के लिए करें मेहनत, नाना पटोले की कार्यकर्ताओं से अपील

**मुंबई हलचल/सुनील बाजपेई**

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) धार्मिक विभाजन पैदा कर राजनीतिक घोंसले जलाने की राजनीति कर रही है। बीजेपी देश को बांटने का काम कर रही है, वहीं राहुल गांधी देश को जोड़ने का काम कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में जनता कांग्रेस और अघाड़ी के साथ मजबूती से खड़ी रही। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने अपील की है कि तीन महीने बाद विधानसभा चुनाव आ रहा है। लोकसभा में अच्छी सफलता के कारण लापरवाह न हों, विधानसभा चुनाव के लिए कड़ी मेहनत करें। लोगों के बीच जाएं और कांग्रेस और महाविकास को लाने के लिए काम करें। प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक वर्ग की समीक्षा बैठक प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की अध्यक्षता में कांग्रेस मुख्यालय तिलक भवन में आयोजित की गई थी। बैठक में अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष डॉ. वजाहत मिर्जा और अन्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पटोले ने कहा कि कांग्रेस सभी जाति और धर्मों को साथ लेकर काम करने वाली पार्टी है। लोकसभा चुनाव में देशभर में कई पार्टियां एक



साथ आईं और इंडिया अलायंस बनाया और राज्य में महाविकास अलायंस ने मिलकर चुनाव लड़ा। लोकसभा चुनाव में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यक समुदायों, महिलाओं, युवाओं को भारत अघाड़ी की आवाज मिली और अब लोगों की भावना है कि राज्य में भी बदलाव होना चाहिए, हमें लोगों के बीच जाना चाहिए और कांग्रेस के विचार के बारे में बताना चहिए। मुंबई बैंक को सहकारी भवन बनाने के लिए गोरेगांव के आरे कॉलोनी में पशु संरक्षण विभाग के स्वामित्व वाली तीन एकड़ जमीन दी गई है। ऐसा सरकारी आदेश सोमवार दोपहर को महाराष्ट्र सरकार की वेबसाइट पर प्रकाशित हुआ। हालांकि, कुछ देर बाद जब इस आदेश की कॉपी महाराष्ट्र सरकार की वेबसाइट से हटा दी गई तो विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल उठाया है कि गठबंधन सरकार जनता के लिए है या नहीं। सत्ताधारी विधायकों को खुश करने के लिए है। वडेट्टीवार ने कहा कि भाजपा नेता प्रवीण दरेकर की अध्यक्षता वाले मुंबई बैंक को तीन एकड़ जमीन क्यों दी जा रही है।



## पूर्व गृहमंत्री महाराष्ट्र राज्य व भाजपा विरिष्ठ नेते कृपाशंकर सिंह जी को जन्मदीन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई

**मुंबई।** 31 जुलाई 2024 बुधवार पूर्व गृहमंत्री महाराष्ट्र राज्य,पूर्व आमदार कलिना विधानसभा व भाजपा विरिष्ठ नेते व जौनपुर लोकसभा 2024 के पूर्व प्रत्याशी आदरणीय कृपाशंकर सिंह जी को जन्मदीन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई उनके जनसंपर्क कार्यालय कलानगर बांद्रा (पूर्व) मुंबई मे शॉल और केक से मुँह मीठा किया इस मौके पर उपस्थित रहे मो. शोएब खान, सुखबिंदर सिंह (लाला भाई),जय हिंद कुमार प्रजापति, जीशान खान सेमत अन्य लोगो ने भी हार्दिक शुभकामनाएं दी गई और आए हुए सभी मेहमानों के लिए कृपाशंकर सिंह जी ने अल्पाहार के साथ उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**पिता बना हैवान!**

उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (हत्या) के तहत चितलसर थाने में मामला दर्ज किया गया है। बच्चे की मां ने अपने पहले पति से अलग होने के बाद आरोपी से शादी की थी। शादी के बाद वह अपने बेटे मोहम्मद आर्यन को लेकर कुछ सप्ताह पहले ही कोलकाता से आरोपी के साथ रहने आई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी को यह नहीं पता था कि महिला को पिछली शादी से बच्चा है। जब महिला बच्चे को लेकर ठाणे स्थित आरोपी के घर पहुंची तो मामले का खुलासा हुआ। इस वजह से दंपति के बीच विवाद हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बच्चे को महिला द्वारा लाने के बाद दिलशाद नाखुश था और उसने उसकी जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। इसलिए आरोपी ने गंभीर शारीरिक यातना देकर उसे मार डाला। बच्चे की मौत की जानकारी मिलने पर पुलिस ने रविवार को आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। इसके बाद हत्या का मामला दर्ज किया गया। पोस्टमार्टम में पता चला कि चार साले के बच्चे को गंभीर रूप से टॉर्चर किया गया था। उसकी पसली और हड्डी कई जगहों से टूट गई थीं। उसके पेट में अंदरूनी चोटें थीं। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

**बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में ईडी ने मुंबई समेत 4 शहरों में मारा छापा**

ईडी के अधिकारियों ने तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न ठिकानों से आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और 19.50 लाख रुपये की नकदी जब्त की। अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की छानबीन जारी है। महाराष्ट्र के बीड के धारूर तालुका के मुंगी गांव के पांडुरंग सोलंके ने 2010 में शिवपार्वती सहकारी चीनी कारखाने का निर्माण शुरू किया था।

**महाराष्ट्र में 81000 करोड़ रुपये के निवेश को मिली हरी झंडी**

बुधवार को कई समझौता ज्ञापन साइन होंगे, जिसके बाद सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 1 लाख से ज्यादा निवेश होगा। हमारी सरकार उद्योग लगाने के लिए हर संभव मदद कर रही है। हमने उदार नीति अपनाई है जिसके कारण उद्योग यहां प्राथमिकता देते हैं, इससे रोजगार पैदा होंगे और राज्य जल्द ही 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करेगा। जिन परियोजनाओं को हरी झंडी दी गई है, उनमें जेएसडब्ल्यू ग्रीन मोबिलिटी लिमिटेड द्वारा संभाजीनगर में इलेक्ट्रिक वाहनों और हाइब्रिड वाहनों के लिए 27,200 करोड़ रुपये की परियोजना भी शामिल है।

**खेल-खेल में मौत!**

इस दौरान आकृति उपरी मंजिल पर छिपने गई। खेल के दौरान ही ऊपर से उतरने वाली सीढ़ी की रस्सी का फंदा उसके गले में फंस गया। यह देखकर आकृति की बड़ी बहन चिल्लाने लगी। बच्चों की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। आकृति को बचाने की पूरी कोशिश की गई। उसे तुरंत इलाके के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया।

### नए राष्ट्रपति महमूद के शपथ ग्रहण में गए थे हानिया

# हमास चीफ की मौत पर भड़के मुस्लिम देश इजराइल को अंजाम भुगतने की दी धमकी

मुंबई हलचल / तहरान

ईरान की राजधानी तेहरान में हमास की राजनीतिक शाखा के प्रमुख इस्माइल हानिया की हत्या ने पूरे मध्य पूर्व को हिला दिया है। हानिया ईरान के नए राष्ट्रपति महमूद पेजेश्कियन के शपथ ग्रहण में हिस्सा लेने तेहरान गए हुए थे। ईरान की ताकतवर एजेंसी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने बताया कि हानिया के आवास को रात के दो बजे मिसाइल से निशाना बनाया गया। हानिया के गार्ड की भी मौत हुई है। ईरान के राष्ट्रपति और हमास ने इस हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है।


हानिया की मौत के बाद क्षेत्र में एक बड़े संघर्ष का खतरा पैदा हो गया है। आईआरजीसी ने हमले के लिए यहूदी शासन (इजराइल) को दोषी ठहराते हुए कहा कि ईरान और प्रतिरोध मोर्चे इस अपराध का 'कठोर और दर्दनाक जवाब' देंगे। हमास के चीफ इस्माइल हानिया की ईरान की राजधानी में हत्या हो गई है। इस खबर पर

**मुस्लिम वर्ग ने हत्या की निंदा की**

**बड़े संघर्ष का खतरा पैदा हो गया**

**इजराइल को ठहरा रहे दोषी**

दुनियाभर की नज़र है। खासतौर पर मुस्लिम देशों ने इस हत्या की निंदा की है। तुर्कीये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगान ने इसे एक कायरता से भरा हमला कहा है। वहीं ईरान के सुप्रीम लीडर आयातुल्लाह अली ख़ामेनेई ने कहा कि आतंकवादी ज़ायोनी शासन ने हमारे घर में हमारे प्रिय मेहमान को शहीद कर दिया और यह दुख की घड़ी है उन्हें इसका अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए।



#### हानिया की मौत पर किस देश ने क्या कहा

- *रूस: रूसी डिप्टी फॉरेन मिनिस्टर ने कहा कि ये राजनीतिक हत्या है। इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह मिडिल ईस्ट में टकराव बढ़ा सकता है।*
*चीन: विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम हानिया की मौत का विरोध करते हैं। यह घटना इलाके में तनाव को और बढ़ा सकती है।*
- *तुर्की: विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये 'जघन्य' अपराध है। हानिया की मौत बताती है कि इजराइल की नेतन्याहू सरकार शांति नहीं चाहती है।*
- *ईरान: विदेश मंत्रालय ने कहा कि हानिया की हत्या ईरान और फिलिस्तीन के बीच रिश्ते को और मजबूत करेगी। हानिया की शहादत बेकार नहीं जाएगी।*
- *कतर: विदेश मंत्रालय ने कहा, यह एक जघन्य अपराध है, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ सकता है। इजराइल गाजा में नागरिकों को निशाना बना रहा है, जिससे अराजकता फैल रही है।*

#### इजराइल पर पलटवार तो मदद करेंगे

*हानिया की मौत के बाद अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि अगर इजराइल पर हमला होता है तो अमेरिका उसकी मदद करेगा। जब ऑस्टिन ये पूछा गया कि क्या हानिया की हत्या में इजराइल का हाथ है और क्या अमेरिका को जानकारी थी? इस पर ऑस्टिन ने कहा कि उनके पास कोई जानकारी नहीं है।*

#### हानिया का बेटा बोला आजादी तक लड़ते रहेंगे

इस्माइल हानियेह के बेटे अब्दुल सलाम हानिया ने कहा कि इससे पहले 4 बार उनके पिता की हत्या की कोशिश की गई। अल्लाह ने उन्हें शहादत बख्शी है। उन्होंने हमेशा फिलिस्तीन की एकता पर काम किया। उनकी हत्या हमारे हौसले को तोड़ नहीं सकती। फिलिस्तीन की आजादी तक हम लड़ते रहेंगे। ईरान के सुप्रीम लीडर आयातुल्लाह अली खामेनेई बोले- ईरान हानियेह की मौत का बदला लेगा।

### ब्रिटेन में तीन बच्चों की हत्या के बाद भड़की हिंसा

22 अधिकारी और 40 पुलिसकर्मी घायल

# पुलिस से भिड़ गए प्रदर्शनकारी जमकर हुआ पथराव, आगजनी

- **किशोरों पर 17 साल के लड़के ने चाकू से हमला बोला था**
- **आरोपी को एक धर्म विशेष का होने की अफवाह फैली**
- **बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और पथराव शुरु हो गया**

मुंबई हलचल / लंदन

ब्रिटेन के साउथपोर्ट शहर में हिंसा भड़क गई। यह हिंसा एक कार्यक्रम के दौरान हुए हमले में तीन बच्चियों की हत्या के विरोध में भड़की और इस दौरान बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी, पुलिस से भिड़ गए। बता दें कि सोमवार को एक कार्यक्रम में मौजूद बच्चों और किशोरों पर एक 17 साल के युवक ने चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में तीन बच्चियों की मौत हो गई थी और पांच अन्य बच्चे घायल हो गए थे। अफवाह फैली कि हमला करने वाला युवक एक धर्म विशेष से जुड़ा है, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और एक मस्जिद पर पथराव शुरू कर दिया।




#### दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगेः पीएम

*ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टर्मर ने साउथपोर्ट की हिंसा पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि बच्चियों की हत्या का आरोपी किशोर फिलहाल पुलिस की हिरासत में है। ब्रिटेन की पुलिस ने आरोपी के हमले को आतंकी घटना मानने से इनकार कर दिया है और कहा है कि आरोपी का जन्म ब्रिटेन में ही हुआ है। अभी तक हमले के पीछे की वजह का खुलासा नहीं हुआ है। सोमवार को गर्मियों की छुट्टियों में साउथपोर्ट में मशहूर पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट का योगा और डांस वर्कशॉप आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के दौरान हमलावर ने चाकू से कई बच्चियों को निशाना बनाया। इस हमले में तीन बच्चियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर है। टेलर स्विफ्ट ने भी इस हमले की कड़ी निंदा की।*

#### प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की और सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान भी पहुंचाया गया

इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस की बीच तीखी झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की और आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान 'हमें अपना देश वापस चाहिए' जैसे नारे लगाए। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प में उसके 22 अधिकारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, वहीं कुल 40 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर ईंट-पत्थरों से पथराव किया, जिससे बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी चोटिल हुए।

### प्रधानमंत्री के पोस्ट को विशेषाधिकार हनन का मामला बनाया

# पीएम मोदी के 'ट्वीट' को कांग्रेस ने लपका लोस महासचिव से की मामले की शिकायत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने के लिए उनके ही 'अस्त्र' का इस्तेमाल किया है। पार्टी रणनीतिकारों ने पूरे जोरशोर से प्रधानमंत्री के एक्स पर किए गए पोस्ट को विशेषाधिकार हनन का मामला बनाया है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ लोकसभा महासचिव से बकायदा लिखित में शिकायत सौंपी है।

#### क्या है मामला

हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से पांच बार के सांसद अनुराग ठाकुर बजट 2024 पर बहस के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने राहुल गांधी पर व्यक्तिगत हमला किया। जिस पर विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जवाब देते हुए कहा, आप जितना चाहें मेरा अपमान कर सकते हैं, हर दिन ऐसा करें। लेकिन यह मत भूलिए कि हम (विपक्ष) (जाति जनगणना पर) विधेयक को यहां (संसद में) पारित कराएंगे। तब सदन की अध्यक्षता कर रहे जगदंबिका पाल ने विवादित भाग को सदन की कार्यवाही से हटाने की बात आसंदी से कही थी। चन्नी ने अपने पत्र में कहा है कि अनुराग ठाकुर द्वारा की गई कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से हटाने के बाद भी प्रधानमंत्री द्वारा पूरे भाषण के वीडियो को एक्स पर ट्वीट किया। पोस्ट किए गए भाषण में सभा के अध्यक्ष द्वारा हटाए गए आपत्तिजनक शब्दों को भी ट्वीट किया गया। जो संसदीय मर्यादा, नियम के अनुरूप नहीं है। चन्नी ने 'हरिभूमि' से कहा कि हटाई गई टिप्पणियों को सार्वजनिक रूप से मीडिया के किसी माध्यम का उपयोग कर प्रचारित नहीं किया जा सकता। ऐसा करने पर संसदीय आचरण के विरुद्ध कार्य माना जाएगा, तय नियमों के मुताबिक कार्यवाही संबंधित व्यक्ति पर होने का स्पष्ट प्रावधान है। चन्नी के पत्र पर भाजपा का तर्क है कि पर कि जब प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया था तब अनुराग ठाकुर के टिप्पणियों को नहीं हटाया गया था। चन्नी ने दावा किया कि अध्यक्ष के पद से ऐसा कहने के बाद ही सदन की कार्यवाही से विवादित भाग को तुरंत हटा दिया गया था।

#### क्या कहा पीएम ने एक्स परःइसे अवश्य सुनें

पांच बार के सांसद की टिप्पणी पर विवाद के बीच, प्रधान मंत्री ने एक्स पर अनुराग ठाकुर के भाषण का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, मेरे युवा और ऊर्जावान सहयोगी, अनुराग ठाकुर का यह भाषण अवश्य सुनना चाहिए। उनका भाषण तथ्यों और हास्य का एक आदर्श मिश्रण, इंडी गठबंधन की गंदी राजनीति को उजागर करता है। इस पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने भाषण साझा करके संसदीय विशेषाधिकार के गंभीर उल्लंघन को बढ़ावा दिया है।

#### जयराम ने कहा ऐतिहासिक गिरावट

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 'हरिभूमि' से कहा, संसदीय कार्यवाही से हटाई गई टिप्पणियां ऑनलाइन अपलोड किए गए वीडियो से पहले हटाई जाती है, मगर संसद टीवी ने इस मामले में असंपादित भाषण अपलोड किया है। जो कि सरासर संसदीय मर्यादा उल्लंघन है। उन्होंने कहा, यह भारत के संसदीय इतिहास में एक नई और शर्मनाक गिरावट है।

### अनुराग के बयान पर भड़का विपक्ष

#### इसे 'बदतमीजी' बताया



पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की मंगलवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के साथ खूब तू-तू मैं-मैं हुई। यहां तक कि ठाकुर ने कांग्रेस सांसद से उनकी जाति तक पूछ ली। इस पर अखिलेश यादव ने कड़ा विरोध जताया। भाजपा सांसद के भाषण के दौरान लगातार विपक्ष का हंगामा जारी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने नेता के भाषण की सराहना की। उन्होंने इस पूरे भाषण का वीडियो साझा किया है। इसको लेकर अब विपक्ष और भड़क गया है। उन्होंने ठाकुर और पीएम मोदी की आलोचना की है। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह बदतमीजी है।

### देश को तोड़ने की साजिश रच रही कांग्रेसः रिजिजू

#### राहुल सबकी जाति पूछें, उनकी क्यों नहीं पूछें



अब भाजपा भी अनुराग के बचाव में उतर गई है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर जाति के नाम पर देश को बांटने की साजिश रचने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने जो हरकत की है मैं उसकी निंदा करता हूं। कांग्रेस दिन-रात जाति-जाति करती रहती है। कांग्रेस ने जाति पूछ-पूछकर देश को बांटने की साजिश की है और जब सदन में जाति की बात हुई तो राहुल हंगामा कर रहे हैं। इन लोगों ने देश को कमजोर करने के लिए एक साजिश रची हुई है। देश में हिंसा फैलाना चाहते हैं। राहुल को किसने हक दिया कि वह सबसे जाति के बारे में पूछे और उनसे कोई उनकी जाति के बारे में नहीं पूछ सकता! ये गंभीर मामला है। हम देश को टूटने नहीं देंगे, हम देश को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे।

## खबर संक्षेप

#### चीनी मालवाहक जहाज को कब्जे में लिया



**पारादीप।** ओडिशा में पारादीप पोर्ट ट्रस्ट के अधिकारियों ने एक चीनी मालवाहक जहाज को कब्जे में लिया है। उच्च न्यायालय ने मौद्रिक विवाद पर जहाज को कब्जे में लेने के आदेश दिया था। एक अधिकारी ने जानकारी दी। नौवहन संबंधी कानून के तहत, किसी भी जहाज के स्वामित्व, निर्माण, प्रबंधन, संचालन या व्यापार से उत्पन्न होने वाले समुद्री दावों के क्रियान्वयन के लिए जहाज को कब्जे में लिया जा सकता है। न्यायालय का आदेश कंपनी के बीच मौद्रिक विवाद के बाद आया।

### आतंकी संगठन चलाने का दोषी

# ब्रिटेन में इस्लामी प्रचारक अंजेम चौधरी को उम्रकैद

मुंबई हलचल / लंदन



ब्रिटेन में इस्लामी कट्टरपंथी नेता अंजेम चौधरी को आजीवन कैद की सजा सुनाई गई है। वूलविच क्राउन कोर्ट ने बीते सप्ताह अंजेम चौधरी को नफरती भाषणों के जरिए लोगों को उकसाने और आंतकी संगठन अल-मुहाजिरोन (एएलएम) को चलाने के लिए दोषी पाया था। ब्रिटिश अदालत ने कहा कि अंजेम चौधरी एक आतंकी संगठन चलाता है जिसका मकसद हिंसक तरीकों से शरिया कानून को पूरी दुनिया में फैलाना है। अल-मुहाजिरोन को एक दशक पहले ही ब्रिटेन में बैन कर दिया गया था। इसके बावजूद वह अलग-अलग नामों से इस संगठन को चला रहा था। अंजेम जब तक 85 साल का नहीं हो जाता तब तक उसे जेल में ही रहना होगा। इसका मतलब है कि 57 साल के अंजेम को 28 सालों तक जेल की सजा काटनी होगी। इससे पहले अंजेम को आतंकवाद के लिए सजा सुनाई गई थी।

### तेजी से वायरल हो रही तस्वीर बवाल शुरु

# फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपनी खेल मंत्री को किया किस

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



पेरिस में ओलंपिक का आयोजन चल रहा है। दुनिया के तमाम देशों को खिलाड़ी वहां पहुंचे हैं। पूरी दुनिया की नजर इस आयोजन पर है। हालांकि सोशल मीडिया में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों चर्चा में हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति की एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है जिसमें वो अपने खेल मंत्री को किस कर रहे हैं। खेल मंत्री एमेली ओडेया-कास्टेरा को मैक्रों किस कर रहे हैं। इस दौरान उनके साथ खड़े अन्य नेताओं को असहज होते हुए देखा जा सकता है। सोशल मीडिया में तस्वीर वायरल होने के बाद फ्रेंच पत्रिका मैडम फिगारो ने इसे हाईलाइट किया। गौरतलब है कि फ्रांस और पश्चिमी देशों में किस करने को अभिवादन के एक तरीके के तौर पर देखा जाता है। हालांकि इस इंटीमेट तस्वीर को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोग इस तस्वीर को बेहद अजीब बता रहे हैं। कुछ लोगों ने शुरुआत में इसे फेक भी बताया। हालांकि तस्वीर की सच्चाई की पुष्टि हो गई है।

#### 4 मिलियन से अधिक देख चुके हैं तस्वीर

इमैनुएल मैक्रों और एमेली औडिया-कैस्टेरा की इंटिमेट किस की ये तस्वीर पूरी दुनिया में वायरल हो रही है। इस तस्वीर को अबतक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 4 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है। अधिकतर लोग इसे सही नहीं बता रहे हैं हालांकि कुछ यूजर्स इस पर मजे ले रहे हैं और लिख रहे हैं कि यह तस्वीर इमैनुएल मैक्रों की पत्नी को पसंद नहीं आएगा।

### एलएसी विवाद के मध्य

# भारत और चीन के बीच हुई की बैठक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी विवाद के मध्य भारत और चीन के बीच सीमा विवाद का संवाद, समन्वय से हल निकालने के लिए गठित किए गए तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की बुधवार को राजधानी में 30वीं बैठक हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्व एशिया) जी. दास ने की। चीनी पक्ष का नेतृत्व बीजिंग के सीमा मामलों के महानिदेशक हांग लियांग ने किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बैठक में भारत ने एलएसी पर शांति और सौहार्द की बहाली के अलावा उसके सम्मान को भी बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि यह ही दोनों देशों के संबंधों के सामान्य होने का मजबूत आधार है। बैठक में विवाद को लेकर गहराई के साथ रचनात्मक रूप से चर्चा की गई। समस्या के समाधान के लिए स्थापित किए गए सैन्य और कूटनीतिक माध्यमों के जरिए संवाद प्रक्रिया को जस का तस बनाए रखने पर सहमति जताई गई। मंत्रालय के मुताबिक, चीन के दल के प्रमुख ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी से भी भेंट की। दोनों पक्षों ने विदेश मंत्रियों की अस्थाना और लाओस की राजधानी में हुई द्विपक्षीय बैठकों को ध्यान में रखते हुए एलएसी के मौजूदा हालात के साथ ही इस विवाद से जुड़े बाकी बचे हुए मुद्दों के जल्द समाधान पर सहमति जताई।

### चुरू में स्कूली बच्चों से भरी गाड़ी पलटी

# एक छात्र समेत 2 लोगों की मौत 28 घायल बच्चों को कराया भर्ती

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



राजस्थान के चूरू जिले में बुधवार को स्कूली बच्चों से भरा एक पिकअप वाहन पलटने से भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक बच्चे सहित 2 लोगों की मौत हो गई जबकि 28 अन्य बच्चे घायल हो गए। ॉमृतकों की पहचान 50 वर्षीय कृष्ण मीणा और 12 साल के आदित्य के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि साहवा थाना क्षेत्र में मेघसर से झाड़सर गजिया रोड पर स्कूली बच्चों से भरा एक पिकअप वाहन पलटने से एक बच्चे सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 28 अन्य बच्चे घायल हो गए। घायलों में से 20 बच्चों को तारानगर के उप जिला अस्पताल में, पांच बच्चों को निजी अस्पताल में, एक बच्चा साहवा में और गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को जयपुर स्थानांतरित किया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखा गया है।

## कांवड़िए का अनोखा अंदाज



मेरठः मेरठ में एक 'कांवड़िया' श्रावण के पवित्र महीने में तीर्थयात्रा के दौरान विशेष साज सज्जा में जाता हुआ।

# उत्तराखंड में बादलों ने मचाई तबाही, जागेश्वर में भारी बारिश, चकलुवा में पुलिया टूटी-हल्द्वानी में बहा बच्चा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**हल्द्वानी।** मानसून की गरज के साथ कुमाऊं में बुधवार दोपहर बाद वर्षा ने रफ्तार पकड़ी। जागेश्वर धाम के पास जटागंगा गधेरा उफान पर आ गया और धाम को जोड़ने वाली सड़क जलमग्न हो गई। अस्थायी दुकानों में मलबा घुस गया है। भंडारा स्थल को जाने वाला पुल बहा है। सुरक्षा दीवारें ध्वस्त हो गई। देवदार के कुछ पेड़ भी गिरे हैं। हल्द्वानी-रामनगर स्टेट हाईवे पर चकलुवा में पुलिया टूट गई है। हल्द्वानी में शनि बाजार नाले के बहाव में एक बच्चा बह गया। उसकी तलाश की जा रही है। पिथौरागढ़ में तवाघाट हाईवे बंद है। वर्षा के अलर्ट को देखते हुए नैनीताल, ऊधम सिंह नगर, चंपावत और बागेश्वर जिले में गुरुवार को प्रशासन ने स्कूल बंद रखने का आदेश जारी किया है। जागेश्वर में जटागंगा गधेरे के उफान से सड़क किनारे खड़े दो दोपहिया वाहन बहे हैं। आरतोला के पास सड़क पहले से क्षतिग्रस्त थी, मगर ताजा वर्षा से इसे और नुकसान पहुंचा है। मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष नवीन भट्ट ने बताया कि सड़क मलबे से पट गई है। कालाढूंगी में गदरपुर निवासी रिजवान व रियाज की कार मैथीसाह नाले में फंस गई। दोनों कार से उतरे ही थे कि गाड़ी बहने लगी



और 200 मीटर आगे अटक गई। चकलुवा में निहाल नाले की पुलिया पूरी तरह्र टूटने से देहरादून- कालाढूंगी-हल्द्वानी के लिए आवागमन बंद हो गया है। प्रशासन ने वाहनों को डायवर्ट कर चकलुवा गांव से भेजा। नैनीताल झील का जलस्तर 9.7 फीट पहुंच गया। झील के दो निकासी गेट खोल दिए गए हैं। टनकपुर-तवाघाट मार्ग अस्कोट से तीन किमी दूर भारी मलबा आने से बंद हैं। जिले में एक एनएच, एक सीमा मार्ग सहित 25 सड़कों पर यातायात ठप पड़ा है। बलुवाकोट के तल्लागांव स्थित बेनिया समेत तोक में भूस्खलन हो गया। एक मकान मलबे में दब गया है। परिवार के लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। बागेश्वर में सात सड़कें बंद हैं। जबकि दो मकान अतिवृष्टि के भेंट चढ़ गए हैं। कपकोट क्षेत्र में अधिक वर्षा हो रही है। हल्द्वानी में दमुवाडूंगा का कलसिया व रकसिया नाला उफान पर हैं। नालों के किनारे रहने वाले 80 परिवारों को अलर्ट किया गया है। बनभूलपुरा का शनि बाजार नाला उफान पर आने से घर से दुकान पर सामान लेने गया सात वर्षीय रिजवान बह गया। पुलिस व फायर टीम ने देर रात तक उसकी तलाश की, लेकिन बच्चे का पता नहीं चल सका।

### कंपनी के संस्थापक पर पैसे की हेराफेरी के आरोप के बाद फैसला टाला

# एनसीएलएटी ने बायजू-बीसीसीआई समझौता मामले में सुनवाई टाली

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने बुधवार को बायजू और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच मामले के निपटान को लेकर समझौते पर अपना फैसला टाल दिया। बायजू को कर्ज उपलब्ध कराने वाली अमेरिकी कंपनी के शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी के संस्थापक पर पैसे की हेराफेरी के आरोप के बाद न्यायाधिकरण ने फैसला टाल दिया।

एनसीएलएटी की चेन्नई पीठ ने बायजू के निलंबित प्रवर्तकों को बृहस्पतिवार तक एक हलफनामा देकर यह बताने को कहा है कि रिजू रवींद्रन (बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन के भाई) की तरफ से किया जाने वाला 158 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान अवैध तरीके से प्राप्त राशि नहीं है। साथ ही यह अमेरिकी की एक अदालत के पारित आदेश के खिलाफ नहीं है।

## रवींद्रन के भाई से मिले 158 करोड़ रुपए की जानकारी दे हलफनामे में




**राशि गलत तरीके से प्राप्त है: रोहतगी:** रोहतगी ने कहा कि यह गलत तरीके से प्राप्त राशि है जो उनके ग्राहक से 'चुराई' गई है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि जो कंपनी अपने कर्मचारियों को वेतन तक नहीं दे पा रही है और जिसके कोचिंग सेंटर बंद हो रहे हैं, उसने अब पैसे का इंतजाम कैसे किया है?

**कंपनी को बचाने पैसा जुटाया गया:** गलत तरीके से राशि प्राप्त के आरोप पर पूर्व प्रवर्तकों के वकील ने कहा कि विदेशी कोष, विदेशी परिचालन को वित्तपोषित करने के लिए है। इसे भारत नहीं लाया जा सकता। 'रिजू ने कंपनी को बचाने के लिए यह पैसा जुटाया है।'




### पैसा का भुगतान रिजू ने किया : वकील

प्रवर्तक की तरफ से पेश अधिवक्ता अरुण कथपालिया ने कहा कि पैसे का भुगतान रिजू ने किया है और यह भुगतान करने को लेकर उन पर कोई पाबंदी नहीं है। बीसीसीआई की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि पैसा रिजू का है या बायजू का। उन्होंने कहा कि अगर पैसा पारदर्शी तरीके से प्राप्त किया गया है, बीसीसीआई का उसपर अधिकार है।

### सीओसी गठन नहीं करने का निर्देश

इस बीच, राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने बायजू ब्रांड के तहत काम करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लि. के अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) को सुनवाई की अगली तारीख एक अगस्त तक कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) का गठन नहीं करने का भी निर्देश दिया है।

### 8000 करोड़ कर्ज के चूक का दावा

हालांकि, कर्ज देने वाली अमेरिकी इकाई गैस ट्रस्ट एलएलसी की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने आरोप लगाया कि यह पैसा हेराफेरी कर लाया गया है। अमेरिकी इकाई 8,000 करोड़ रुपये के कर्ज के चूक का दावा कर रही है। रोहतगी ने एनसीएलएटी से समझौते को स्वीकार नहीं करने का आग्रह किया।

## बायजू के वकीलों ने समझौते का एक मसौदा दिया

सुनवाई के दौरान बायजू की ओर से पेश वकीलों ने बायजू और बीसीसीआई के बीच समझौते का एक मसौदा ज्ञापन सौंपा। नियम और शर्तों के मुताबिक, पैसे का भुगतान 50-50 करोड़ रुपये की दो किस्तों में किया जाएगा। बाकी रकम तीसरी किस्त में दी जाएगी। मंगलवार को एक किस्त का भुगतान किया गया। यह भुगतान रिजू कर रहे हैं। वह कंपनी के सबसे बड़े शेयरधारकों में से एक है।

# स्किन प्रॉब्लम के हिसाब से तैयार करें अलग-अलग एलोवेरा फेसपैक

एलोवेरा में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते है जो त्वचा से जुड़ी कई परेशानियों से राहत दिलाने में मदद करते हैं। यह चेहरे से मुंहासे, दाग-धब्बे, डेड स्किन हटा कर स्किन को बेदाग और खूबसूरत बनाती है। इसे बहुत सारे ब्यूटी प्रॉडक्ट्स में भी इस्तेमाल किया जाता है। आप अपनी स्किन प्रॉब्लम के हिसाब से घर पर इसका फेसपैक बना कर इसे चेहरे पर अप्लाई कर सकते हैं। आज हम आपको अलग-अलग स्किन प्रॉब्लम के हिसाब इससे फेसपैक बनाना और इसे लगाने का तरीका बताएंगे, जिसे इस्तेमाल करके आप अपनी खूबसूरती को बरकरार रख सकेंगे।

**1. मुंहासे और दाग धब्बे**

इस समस्या से राहत पाने के लिए एलोवेरा और ऑलिव ऑयल का फेसपैक तैयार करके इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे बनाने के लिए 1 चम्मच एलोवेरा जेल में 1 चम्मच ऑलिव ऑयल और 1 चम्मच नींबू का रस अच्छी तरह से मिलाएं। इसे दाग-धब्बों और मुंहासों पर 10-15 मिनट तक लगाएं। फिर चेहरे को पानी से धोएं।

**2. बेदाग और ग्लोइंग फेस के लिए**

इसके लिए एलोवेरा और गुलाबजल से तैयार फेसपैक काफी फायदेमंद है। गुलाबजल स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है। इससे पैक बनाने के लिए एलोवेरा जेल और गुलाबजल बराबर मात्रा में अच्छी तरह से मिलाएं और फिर इसे 20 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। अब इसे पानी से धोएं।

**3. ड्राई स्किन हटाने के लिए**

इससे राहत पाने के लिए एलोवेरा जेल और बादाम का इस्तेमाल करें। इस पैक को बनाने के लिए 10 बादाम को रातभर भिगोकर रखें और सुबह



इसे पीसकर पेस्ट बना लें। फिर इसमें एलोवेरा जेल मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर अप्लाई करें और 15 बाद इसे पानी से धो लें।

**4. चेहरे से गंदगी हटाने के लिए**

धूल-मिट्टी के कारण इस समस्या से हर कोई परेशान है। इससे राहत पाने के लिए 2 टेबलस्पून ऐलोवेरा जेल, 1 चम्मच दही और 1 चम्मच शहद या नींबू का रस मिला कर फेसपैक तैयार करें। अगर आपकी स्किन ड्राइ है तो इसमें शहद मिलाएं और अगर समान्य है तो नींबू मिला लें। इस पैक को 15 मिनट तक चेहरे पर लगाएं और बाद में धो लें। इससे चेहरे की गंदगी तो साफ होगी, साथ ही में त्वचा को पोषण भी मिलेगा।

**5. मुंहासों से भरा चेहरा**

अगर आपके चेहरे पर बहुत ज्यादा मुंहासे हैं तो एलोवेरा और नीम से तैयार फेसपैक बहुत कारगार उपाय है। इसे बनाने के लिए 2 टेबलस्पून एलोवेरा जेल, 1 टीस्पून शहद, मुठ्ठीभर नीम की पत्तियां, 2 से 3 तुलसी की पत्तियां और पानी डाल कर अच्छी तरह से पीस कर पेस्ट तैयार कर लें। पत्तों को इस्तेमाल करने के लिए पहले इस धो लें। इस पैक को चेहरे पर 10 से 15 मिनट तक लगाएं और बाद में धोएं। इस उपाय से आपको मुंहासों से बहुत जल्दी राहत मिलेगी।

# डाइट में शामिल करें ये 7 तरह के बीज, सेहत की कई प्रॉब्लम रहेगी दूर


**हर** कोई अच्छे, हैल्दी और स्वस्थ जीवन की ख्वाहिश रखता है। स्वस्थ रहने के लिए आप कई फल और सब्जियों का सेवन भी करते हैं। अक्सर लोग घरों में फल और सब्जियों में मौजूद बीज निकालकर फेंक देते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह सेहत के लिए कितने फायदेमंद है। आज हम आपको बेकार समझें जाने वाले ऐसे ही कुछ बीजों के बारे में जानेंगे जिनका कई मिठाईयों में इस्तेमाल भी किया जाता है। पोषक तत्वों से भरपूर ये बीजों आपको स्वस्थ रखने के साथ-साथ छोटी-बड़ी बीमारी को दूर भी करते हैं। इन बीज को अपनी डाइट में शामिल करके आप शरीर के कई रोगों से कोसो दूर रह सकते हैं।

1. कद्दू के बीज

विटामिन-बी और फॉलिक एसिड से भरपूर कद्दू के बीजों का सेवन मूड को बेहतर करने में मदद करता है। इसके अलावा यह डायबिटीक मरीजों के लिए फायदेमंद होते हैं। आप इसे रोस्ट करके अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

2. कटहल के बीज

कटहल की सब्जी खाना तो हर किसी को पसंद होता है लेकिन इसके बीजों को आप



बेकार समझ कर फेंक देते हैं। मगर जिन लोगों को भूख कम लगती है, उनके लिए कटहल के बीज किसी वरदान से कम नहीं हैं। कटहल के बीजों को रात में भिगोकर सुबह खाने से इससे भूख बढ़ती है।

3. तरबूज के बीज

वजन कम करने के लिए तरबूज के बीज सबसे बेस्ट माने जाते है। इसके लिए आप इन बीजों को छिलकर दूध या पानी के साथ इसका सेवन करते हैं। इसके अलावा आप इसे रोस्ट करके भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

4. अंगूर के बीज

अंगूर के बीज एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन-ई से भरपूर होते हैं, जोकि शरीर में सॉफ्ट टिशूज को रैडिकल्स से सुरक्षित रखते हैं। इससे डायबिटीज का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है।

5. अनार के बीज

अनार के बीजों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, कैंसर और दिल की बीमारी की रोकथाम के लिए बेस्ट होते हैं। एंटीआक्सीडेंट्स, जो शरीर में खून के थक्के को नहीं जमने देते, साथ ही ये आपके शरीर को बेहतर शेप में रखने के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इन बीजों को ग्रीन सलाद के साथ खाया जा सकता है।

6. अलसी के बीज

अलसी के बीज सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इसका सेवन शुगर लेवल को कंट्रोल करने के साथ-साथ मांसपेशियों को भी मजबूत बनाता है। इसके अलावा भी इसका सेवन आपको कई बीमारियों से बचाता है।

7. सूरजमुखी के बीज

मैग्नीशियम, कॉपर और विटामिन-ई से भरपूर इन बीजों का सेवन दिल के रोगी के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके अलावा इससे वजन भी कंट्रोल में रहता है।

# शादी के बाद क्यों होते हैं चेहरे पर मुंहासे?

**एक्ने** चेहरे पर होने वाली सबसे ज्यादा और आम परेशानियों में से एक है। शादी के बाद कुछ लोगों में यह समस्या ज्यादा बढ़ जाती है क्योंकि मुंहासों से कुदरती खूबसूरती बिगड़ने लगती है। लगातार एक्ने रहने की वजह से फेस पर दाग-धब्बे,कालापन,गहरे गढ्ढे पड़ जाते हैं। कई बार तो इन निशानों को मेकअप के साथ छुपा जाना भी मुश्किल हो जाता है। जिससे पर्सनेलिटी पर भी बुरा असर पड़ता है, खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए स्किन से जुड़ी इन दिक्कतों से कारण का जानना भी बहुत जरूरी है। जिससे शादी के बाद होने वाले एक्ने को दूर किया जा सके। आइए जानें आखिर शादी के बाद एक्ने होने कौन सी वजहों से हो जाते हैं चेहरे एक्ने।

शादी के बाद एक्ने होने के कारण

**1. शारीरिक संबंध**

शादी के बाद चेहरे पर मुंहासे होने का कारण शारीरिक संबंधों से लिया जाता है। हालांकि यह कहना मुश्किल है कि संबंध भी मुंहासों की वजह हो सकते हैं लेकिन इस दौरान बॉडी में जिन सीबम और बैक्टीरिया का उत्पादन होता है उसे प्रोपिओनिबैक्टीरियम यानि P. acne (Propionibacterium acnes) कहा जाता है। इस तरह के मुंहासे चेहरे और गर्दन पर देखने को मिलते हैं लेकिन डॉक्टरी परामर्श से इसका इलाज करवाया जा सकता है।



**2. हॉर्मोन मे बदलाव**

एक्ने की एक खास वजह हॉर्मोन में बदलाव भी हो सकता है। हार्मोनल और जेनेटिक समस्याओं से खुद को बचा पाना काफी मुश्किल होता है। टीनएज,पीरियड्स और शादी के बाद हॉर्मोंस में आने वाले बदलाव से मुंहासे हो जाते हैं क्योंकि इससे अंदरूनी शरीर में बहुत बदलाव आ जाता है। इसके लिए डॉक्टरी परामर्श लेना जरूरी है।

**3. ब्यूटी प्रॉडक्ट शेयर करना**

पति-पत्नी कई बार एक ही प्रॉडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। जिससे स्किन एलर्जी होने का डर रहता है। जिससे एक्ने होने के चांस बढ जाते हैं। शादी से पहले या फिर शादी के बाद चेहरे पर इस्तेमाल किए जाने वाले ब्यूटी प्रॉडक्ट को शेयर नहीं करना चाहिए।

**4. बेडशीट्स का गंदा होना**

बेड शीट्स का गंदा होना भी एक्ने का कारण बनता है क्योंकि बॉडी के बैक्टीरिया बेड शीट्स पर गिर जाते हैं और रात के समय इस पर सोने से चेहरा भी इन बैक्टीरिया की चपेट में आता है। जिसका असर पोर्स पर पड़ता है और मुंहासे होने लगते हैं।

**5. पसीना**

पसीना भी एक्ने की वजह हो सकता है। पार्टनर के साथ बैड शेयर करते समय साफ शारीरिक साफ-सफाई का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। कुछ लोगों को पसीना बहुत ज्यादा आता है, जिससे दूसरों के स्किन एलर्जी होने का भी डर रहता है। इस वजह से बार-बार कील,मुंहासों की परेशानी हो सकती है, जिससे दूर करने के लिए साफ-सफाई का खास ख्याल रखना बहुत जरूरी है।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



## 30 अगस्त को रिलीज होगी सनी की फिल्म 'कोटेशन गैंग'

**बॉलीवड** अभिनेत्री सनी लियोनी की फिल्म कोटेशन गैंग, 30 अगस्त को रिलीज होगी। सनी लियोनी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म कोटेशन गैंग को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। पहले यह फिल्म जुलाई में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म 30 अगस्त को रिलीज होगी। यह फिल्म तीन भाषा हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी। सनी लियोनी ने इंस्टाग्राम पर नई रिलीज डेट की अनाउंसमेंट कर दी है, साथ ही उन्होंने फिल्म में अपने इंटेंस अवतार को दिखाने वाला एक नया मोशन पोस्टर भी शेयर किया है। सनी लियोनी ने लिखा, मुझे अनाउंस करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कोटेशन गैंग 30 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है। अपने यादगार सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए।

## ट्रेडिशनल वेडिंग चाहती हैं अनन्या पांडे



**अनंत अंबानी** और राधिका मर्चेंट की शादी से पिछले दिनों अनन्या पांडे के वीडियोज काफी वायरल हुए थे। फैंस का को आलिया का यूं केयर फ्री होकर डांस करना बहुत पसंद आया। वहीं कुछ का कहना था कि एक्ट्रेस अपने ब्रेकअप से मूव ऑन करने की कोशिश कर रही हैं। इन सब के बीच एक्ट्रेस की अब एक पुरानी क्लिप रेडिट पर खूब वायरल हो रही है। ये क्लिप 'फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइफ्स' के सेकेंड सीजन की है। इसके एक एपिसोड के दौरान अनन्या के पेरेंट्स,चंकी पांडे और भावना पांडे शादी की 25वीं सालगिरह पर दोबारा शादी करने की बात करते हैं। इसके बाद अनन्या,शनाया से अपने वेडिंग प्लान्स के बारे में बात करती हैं। शनाया कहती हैं कि मुझे लगता है कि हम दोनों में से सबसे पहले तुम्हारी शादी होगी। इस पर अनन्या कहती हैं कि वो उस पल का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। फिर शनाया कहती हैं, 'इतना ही नहीं बल्कि मुझे तो लगता है कि हमारे ग्रुप में सबसे पहले तुम्हारी शादी होगी, फिर सुहाना की और फिर मेरी। मुझे ट्रेडिशनल वेडिंग चाहिए।' तो सुहाना तुरंत कहती हैं, 'हां मुझे भी। बल्कि मुझे तीन शादियां करनी हैं। मैं चाहती हूं कि इसमें कई सारे फंक्शन्स हों।'

## 'कुली' के बाद नई फिल्म की घोषणा करेंगे रजनीकांत!



**रजनीकांत** जनीकांत इस समय कई फिल्मों पर काम कर रहे हैं और उनके पास आने वाले प्रोजेक्ट्स की एक बड़ी लाइन है। सुपरस्टार अपनी आने वाली फिल्मों के लिए तमिल फिल्म इंडस्ट्री के कुछ बेहतरीन कलाकारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में लोकेश कनगराज की 'कुली' की शूटिंग शुरू की है। वहीं अब वे अपनी अन्य आगामी परियोजनाओं की घोषणा करने की योजना बना रहे हैं। रजनीकांत अब अपनी नई फिल्म की घोषणा करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, रजनीकांत अपनी 174वीं फिल्म के लिए फिल्म निमार्ता मारी सेल्वराज के साथ हाथ मिला रहे हैं, जिसका संभावित नाम 'थलाइवर 174' है।

## महेश बाबू ने फिल्म 'रायन' में धनुष के अभिनय की सराहना की



**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता महेश बाबू ने फिल्म रायन में धनुष के अभिनय की सराहना की है। धनुष की तमिल एक्शन-ड्रामा 'रायन' 26 जुलाई को सिनेमाघरो में रिलीज हुयी है। फिल्म को क्रिटिक और दर्शकों दोनों का ही प्यार मिल रहा है।फिल्म रायन, की 50वीं फिल्म है और फिल्म को उन्होंने खुद निर्देशित भी किया है। महेश बाबू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, 'रायन' एक अनूठी और शानदार फिल्म है, जिसमें धनुष ने अभिनय और निर्देशन दोनों में बेहतरीन काम किया है। यह फिल्म दर्शकों को जरूर देखनी चाहिए। रायन एक ऐसी फिल्म है, जो दर्शकों को विचारशीलता और मनोरंजन का सही मिश्रण है। रहमान का संगीत फिल्म से एकदम मेल खाता है और इसकी भावनात्मक गहराई को और भी बढ़ाता है। रायन एक मस्ट-वॉच फिल्म, जो दर्शकों को जरूर देखनी चाहिए।